पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रो0 सुरेन्द्र दुबे सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के नये कुलपति नियुक्त

लखनऊः 11 मई, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय श्री राम नाईक ने प्रो0 सुरेन्द्र दुबे, कुलपति बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर का कुलपति नियुक्त किया है। प्रो0 सुरेन्द्र दुबे की सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए की गयी है।

यह जानकारी प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर द्वारा आज दी गयी।

अंजुम/ललित/राजभवन (193/15)